आजादी के अमृत महोत्सव, अंतर्गत पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय की स्थापना के गौरवशाली 75 वर्ष का भव्य शुभारंम्भ

जबलपुर। आज दिनॉक 8 जुलाई 2022 को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर के प्लैटिनम जुबली कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों के स्वागत उपरांत महाविद्यालय परिसर में नव निर्मित अमृत नन्दीश्वर के पारंपरिक मंत्रोच्चार द्वारा लोकार्पण, माननीय अतिथि गण महामंडलेश्वर अखिलेश्वरानंद गिरी, डॉ. विधायक पाटन, अजय विश्नोई, अपर मुख्य सचिव पशुपालन विभाग श्री जे. एन. कंसोटिया, माननीय कुलपति महोदय डॉक्टर सीता प्रसाद तिवारी, कलेक्टर डॉ.इलैयाराजा टी., डॉ. जितेंद्र जामदार, संस्थापक कुलपति डॉक्टर

गोविंद प्रसाद मिश्रा, डॉ. आर.के. मेहिया, डॉक्टर जे.एल वेगड, द्वारा शहर के प्रबुद्धजन, ऐलीमिनाई सदस्य, बैच 98 के समस्त छात्र–छात्राएं, शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक स्टाफ तथा छात्र–छात्राओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ। तदुपरांत अतिथियों द्वारा परिसर में वृक्षारोपण किया। महाविद्यालय के सभागार में सरस्वती पूजन उपरांत कार्यक्रम में

अतिथियों का स्वागत किया गया। डॉ. इन्द्र जीत शर्मा का जीवन परिचय तथा सोपान यात्रा का प्रस्तुतिकरण डॉ. मेघा कटारे पांडे द्वारा चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से किया गया तथा अतिथियों द्वारा उनके परिवार का सम्मान किया गया। प्लैटिनम जुबली के शुभअवसर पर स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र–छात्राओं क्रमशः डॉ. आयुषी वेध –11 पदक, डॉ. भास्कर मडलोई –1, डॉ. सुरभि बुनकर –2, डॉ. अकाक्षा पटेल –1, डॉ. अमित बोस –1, स्नातकोत्तर डॉ. शिविका चौकसे –1, डॉ. निकिता रेड्डी –1, डॉ. श्रुति भट्ट –1 को अतिथियों द्वारा पदक दिए गए, माननीय कुलपति डॉ सीता प्रसाद तिवारी जी द्वारा वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन का वाचन किया गया उद्‌बोधन की श्रंखला में डॉक्टर वेगड़, संस्थापक कुलपति डॉ गोविंद प्रसाद मिश्रा, अपर मुख्य सचिव पशुपालन विभाग श्री कंसोटिया, तथा डॉ. अजय विश्नोई जी द्वारा दिया गया जिसमें उन सभी ने इस महाविद्यालय की गौरवशाली 75 वर्ष पूर्ण होने पर खुशी जाहिर की तथा इसी तरह विश्वविद्यालय अपने कार्य द्वारा ऊंचे मुकाम पर पहुंचे यही कामना की। माननीय कुलपति महोदय जी द्वारा अतिथियों को शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किये गए। यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान जी, ने वीडियो के माध्यम से बधाई एवं शुभकामना संदेश भेजा। श्री महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश आनंद जी के उद्‌बोधन में आशीर्वचन के रूप में निरंतर अच्छे कार्यो का संपादन करना ही श्रेष्ठ कर बताया गया जो विश्वविद्यालय अपने विभिन्न महाविद्यालयों द्वारा संपादन कर रहा है । कार्यक्रम में पूर्व विशाल सिंह द्वारा नवाचार के तहत एक स्टार्टअप ऐप एवं डॉ. जी.दास एवं समूह द्वारा निर्मित विश्वविद्यालय वेबसाइट का भी प्रक्षेपण किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. श्रीकांत जोशी, अधिष्ठाता संकाय, डॉ. एम.के. मेहता, डॉ. एस.एस. तोमर, एवं 1972 के आज तक के पूर्व छात्र छात्राएं, डॉ. आर. पी.एस. बघेल, डॉ. एस. एन.एस. परमार, डॉ. अनिल कुमार गौर, डॉ. सुधीर यादव, डॉ. मनोज अहिरवार, डॉ.जितेन्द्र वर्मा, डॉक्टर ए.बी. श्रीवास्तव, डॉ. गुप्ता, डॉक्टर चंद्रपुरिया, डॉक्टर ओ.पी. श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। 98 बैच मेघा पांडे, डॉ. आलोक, डॉ. मनीष पांडे, डॉ. सोलंकी, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अधिष्ठाता डॉ. आर. के शर्मा, डॉ. मधु

स्वामी, डॉ. सुनील नायक ,डॉ. अपरा शाही, डॉ. शोभा जावरे, डॉ. राखी वैश्य, डॉ. आर. वी. सिंह डॉक्टर एस.एन. शुक्ला डॉ. आदित्य मिश्रा डॉ. देवेंद्र गुप्ता डॉ. रणविजय सिंह, डॉ. अंकुर खरे, डॉ मोहन सिंह आदि की उल्लेखनीय भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आदित्य मिश्रा तथा आभार प्रदर्शन अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में संध्याकालीन सांस्कृतिक में माननीय डॉ. नीतीश भारद्वाज सुप्रसिद्ध अभिनेता/निर्देशक एवं पूर्व सांसद, भरत नाट्यम नृत्य डॉ. लता सिंह मुंशी एवं शिल्प, भोपाल, सुगम/भक्ति संगीत मैथली ठाकुर एवं साथी मधुवनी, के द्वारा प्रस्तुति करेंगे, साथ ही कार्यक्रम में 1998 बैच के विधार्थियों का पुनर्मिलन एवं शिक्षक सम्मान समारोह किया जायेगा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि.,जबलपुर